सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम विकास योजना में निर्धारित कार्यों की समीक्षा बैठक श्रीमती बिमला कश्यप सूद माननीय सांसद (राज्य सभा) की अध्यक्षता में बचत भवन में दिनांक 15-02-2016 को 11:30 बजे आयोजित की गई, की कार्यवाही ।

सर्व प्रथम समीक्षा बैठक के प्रारंभ में अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा अध्यक्ष महोदया तथा सभी उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया गया तदोपरांत सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम पंचायत थड़ी में इस योजना के क्रियान्यवन के लिए बनाई गई ग्राम विकास योजना (VDP) में निर्धारित कार्यों की प्रगति के बारें में विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा अध्यक्ष महोदया द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिए गए ।

- अधिशाषी अभियंता सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग को कहा गया कि ग्राम विकास योजना में निर्धारित कार्यों हेतु विभाग के अधिकारी स्वयं मौका निरीक्षण करें व सम्बंधित कार्यों की समस्त औपचारिकताओं को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें और प्रगति की सूचना खंड विकास अधिकारी मशोबरा के कार्यालय को भेजें ।

- लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गये कि ग्राम विकास योजना में उनके विभाग से सम्बंधित जो कार्य पी.एम.जी.एस.वाई. के मापदंड को पूरा नहीं करते उन कार्यों को राज्य परियोजना में तबदील करें तथा निर्धारित समय-सीमा अनुसार पूर्ण करें । केवल सर्वे तक ही परियोजनाएँ सीमित न रहें, अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेते हुए ग्राम विकास योजना (VDP) में वर्णित कार्यों को प्राथमिकता दें ।

- वरिष्ठ परियोजना अधिकारी, हिमऊर्जा को माननीय सांसद महोदया द्वारा कहा गया कि ग्राम पंचायत थड़ी में जो 250 सोलर लाईटें लगनी है उसका प्रस्ताव सांसद महोदया को भिजवा दें ।

- जिला कार्यक्रम अधिकारी, आई.सी.डी.एस., शिमला ग्राम विकास योजना में निर्धारित उनके विभाग से सम्बंधित कार्यों की भूमि संबंधी मंजूरी की औपचारिकताओं को शीघ्रातिशीघ्र पूरा करके इन कार्यों को पूर्ण करें ।

- सहायक निदेशक, शिक्षा विभाग, शिमला को कहा गया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला शोघी के भवन जो कि जर्जर हालत में है की मुरम्मत के लिए व्यक्तिगत रूची लें, प्रयास करें और इस भवन के निर्माण का वर्ष व भवन की लागत की रिपोर्ट लोक निर्माण विभाग को भेजें और की गई प्रगति अतिरिक्त उपायुक्त शिमला को रिपोर्ट करें ।

- परियोजना निदेशक, जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (DIET), शामलाघाट को कहा गया कि उनके विभाग से सम्बंधित जो कार्य अभी पूर्ण नहीं हुए हैं उनको शीघ्रातिशीघ पूर्ण करके रिपोर्ट करें ।

- खण्ड विकास अधिकारी मशोबरा को निर्देश दिए गए कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्राम विकास योजना (VDP) व स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत जिन कार्यों के लिए राशि दी गई है उन कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करें ।

- अध्यक्ष महोदया द्वारा कहा गया कि कृषि विभाग, जिला उद्योग केंद्र व नेहरु युवा केंद्र शिमला द्वारा ग्राम पंचायत थड़ी में सराहनीय कार्य किये गए हैं ।

- अतिरिक्त उपायुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि समीक्षा बैठक में वन विभाग, बागवानी विभाग, जिला उद्योग केंद्र व पोस्टल विभाग शिमला के अधिकारी अनुपस्थित पाए गए उनके साथ 19-02-2016 को दोबारा समीक्षा बैठक की जाएगी ।

- समस्त विभाग ग्राम विकास योजना (VDP) की अपने विभाग से सम्बंधित प्रगति अतिरिक्त उपायुक्त, शिमला व खण्ड विकास अधिकारी मशोबरा को एक सप्ताह के उपरांत प्रस्तुत करेंगे ।

माननीय सांसद महोदया द्वारा ग्राम विकास योजना (VDP) में निर्धारित समय-सारणी के अनुसार निर्धारित प्राथमिकताओं को पूर्ण करने हेतु सभी उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए तथा धन्यवाद सहित बैठक को समाप्त किया गया ।

-अनुमोदित-

अतिरिक्त उपायुक्त एवं परियोजना निदेशक,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण शिमला, हि.प्र. ।

792-821

पृष्ठाकन संख्या:-DRDA(S):SAGY-2015-16 दिनांक 20th फरवरी ,2016

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक, ग्रामीण विकास विभाग, हि.प्र., शिमला-171009 को सूचना प्रेषित है ।
2. समस्त सरकारी एवं गैर सरकरी सदस्य को सूचनार्थ प्रेषित है ।

उप निदेशक एवं परियोजना अधिकारी,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,शिमला, हि.प्र. ।